## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो ट्रक चालकों ने किया हेराफेरी, जुर्म दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** उरला पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में ट्रक चालकों के खिलाफ अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार फाफाडीह देवेन्द्र नगर निवासी प्रार्थी महेश ककुमार पुरोहित 52 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि सरोरा स्थित कृष्णा आयरन कंपनी से ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 11 बी 6792 के चालक ने 25 टन एमएस पाईप कीमती 15 लाख 36746 रुपए लोड कर बलरामपुर यूपी रवाना हुआ था, जो माल को गंतव्य तक न पहुंचाकर अमानत में ख्यानत किया। वहीं दूसरे मामले में महावीर नगर निवासी प्रार्थी मनीष पोपटानी 46 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि जेएमटी ट्रेडिंग कम्पनी उरला से ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 11 बी 9075 के चालक ने एंगल, चैनल, प्लेट, पाईप कीमती 16 लाख 8767 रुपए लोड कर दरभंगा बिहार के लिए रवाना हुआ था, जो माल को गंतव्य तक न पहुचाकर अमानत में ख्यानत किया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने आरोपी ट्रक चालकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सरकारी गोदाम से 96 क्विंटल चावल-शक्कर ले उड़े चोर

**दुर्ग-रायपुर (आरएनएस)।** अण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम आमटी स्थित सरकारी गोदाम से अज्ञात चोरों ने भारी मात्रा में चावल और शक्कर पार कर दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण जांच में लिया है। सूत्रों ने बताया कि अंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत शासकीय राशन की गोदाम में चोरी का मामला सामने आया है। शासकीय राशन की गोदाम से 96 क्विंटल चावल और 75 किलो शक्कर की चोरी हुई है। चोरी गए चावल और शक्कर की कीमत करीब 4 लाख 45 हजार रूपए आंका गया है। ये ग्राम पंचायत आमटी स्थित सोसायटी है, जहां चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया। किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा गोदाम के लोहे के शटर एवं चैनल गेट को तोडक़र तथा अंदर प्रवेश कर चोरी कर ले गया है। मामले पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुटी अंडा पुलिस ने जल्द से जल्द अज्ञात आरोपी को पकड़े जाने का भरोसा दिलाया है। मिली जानकारी के मुताबिक अंडा क्षेत्र अंतर्गत 5 किमी. की दूरी पर ग्राम आमटी के सार्वजनिक वितरण प्रणाली गोदाम में रखे चावल व शक्कर को अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। सोसायटी संचालक जामवंत देशमुख पिता सोनराम देशमुख 57 वर्ष पता ग्राम सलौनी तिलखेरी थाना अर्जुन्दा जिला बालोद ने थाना प्रभारी अण्डा से मामले की लिखित शिकायत की है।

### 14 साल के बच्चे के थे 58 दांत, डॉक्टर ने ऑपरेशन कर 32 दांत निकाले

**रायपुर (आरएनएस)।** एक 14 वर्षीय युवक के 58 दांत थे, ऑपरेशन के बाद देवेंद्र नगर रायपुर स्थित नारायणा हॉस्पिटल के डॉ गौरव खेमका ने मरीज के 32 दांत ऑपरेशन कर बाहर निकाले। कांकेर निवासी नकुल के, केवल ऊपरी जबड़े में ही असामान्य रूप से ऊगे छोटे-बड़े 32 दांतो यानी कुल मिलाकर 58 दांतों को देखकर सभी अचंभित रह गए. मरीज के पिता ने बताया कि एक साल पहले नकुल के ऊपरी जबड़े में सूजन आने लगी थी, दर्द तो ज्यादा नहीं होता था, लेकिन ऊपरी जबड़ा कुछ असामान्य सा लगने लगा था उसके दूध के पैदाइशी दांत अभी तक टूटे नहीं थे, युवा होते बेटे के पक्के दांत अभी तक नहीं आए थे, इसी परेशानी को लेकर हमने बच्चे को लोकल स्तर पर दिखाया जहां एक्स-रे एवं सीटी स्कैन में पता चला कि बच्चे के ऊपरी जबड़े में ट्यूमर है जिसका इलाज वहां उपलब्ध नहीं था, अत: वे देवेंद्र नगर, रायपुर स्थित नारायणा हॉस्पिटल के मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ.गौरव खेमका के पास गए। ऑपरेट करने में डॉ. गौरव खेमका और उनकी टीम को 2 घंटे से भी ज्यादा का समय लग गया, इस सर्जरी में बच्चे के उन असामान्य 32 दांतो को निकाल दिया गया तथा बोन ग्राफ्टिंग के बाद बच्चे का चेहरा अब एकदम सामान्य दिखाई दे रहा है, सूजन नहीं रह गई और अगले दो हफ्तों में बच्चा पूरी तरीके से ठीक हो जाएगा।

# बंद पड़ी खदान को ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करेगा एसईसीएल : छत्तीसगढ़ में इस प्रकार की होगी दूसरी परियोजना

**❐ कोरबा जिले में मानिकपुर पोखरी का होगा विकास**

**कोरबा (आरएनएस)।** एसईसीएल ने कोरबा जिले में अवस्थित मानिकपुर पोखरी को ईको.पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। यह छत्तीसगढ़ राज्य में इस प्रकार का दूसरा ईको.टूरिस्ज़्म साइट होगा। इससे पहले एसईसीएल द्वारा सूरजपुर जिले में स्थित केनापरा में भी बंद पड़ी खदान को ईको. पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा चुका है जहां दूर-दूर से सैलानी घूमने और बोटिंग एवं अन्य गतिविधियों का लुत्फ लेने आते हैं। इस पर्यटन स्थल की प्रशंसा स्वयं माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्वीट के जरिये कर चुके हैं।



इस परियोजना के तहत एसईसीएल नगर निगम कोरबा से साथ मिलकर जिले में स्थित मानिकपुर पोखरी को ईको. पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए 11 करोड़ से अधिक की राशि खर्च करेगी। इस परियोजना के अंतर्गत बंद पड़ी मानिकपुर ओसी, जिसने एक पोखरी का रूप ले लिया है, को विभिन्न पर्यटन सुविधाओं से लैस एक रमणीक ईको-पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा। हाल ही में कंपनी ने परियोजना के क्रियान्वयन के लिए चेक द्वारा कलेक्टर कोरबा को 5.60 करोड़ रुपए की राशि जारी की है।

8 हेक्टेयर से अधिक के क्षेत्र में फैली इस पोखरी को एक ईको.पर्यटन स्थल में परिवर्तित किया जाएगा जिसमें पर्यटकों के लिए विभिन्न सुविधाओं को विकसित किया जाएगा जैसे बोटिंग सुविधा, फ्लोटिंग रेस्टोरेन्टध्कैफ़ेटेरिया, पोखरी परिसर में गार्डेन, सेल्फी ज़ोन, चिल्ड्रन प्ले एरिया, क्लाइम्बिंग वॉल, रिपेलिंग वॉल, ज़िपलाइन रोलर कोस्टर, म्यूजिक़ल फव्वारा, भव्य प्रवेश द्वार आदि शामिल हैं।

मानिकपुर ओसी कोरबा जिले की सबसे पहली खदानों में से एक है। वर्ष 1966 यहाँ रूसी तकनीकी परामर्श से कोयला खनन की शुरुआत हुई थी। करीब 24 वर्ष बाद कोयला खनन के लिए खुदाई के दौरान यहाँ भू-जल स्रोत मिलने से यहाँ इतना जल भंडारण हुआ जिसे मोटर पंप आदि की सहायता से भी बाहर नहीं निकाला जा सका और अंतत: खदान को बंद करना पड़ा। इस परियोजना से कोरबा जिले के वासियों को एक नया पर्यटन स्थल तो मिलेगा ही साथ ही साथ यह लोगों के लिए आजीविका के नए स्रोत भी मिलेंगे।

गौरतलब है की राष्ट्रीय कोयला उत्पादन का लगभग 16: हिस्सा कोरबा जिले से आता है और यहाँ लगभग 6,428 मेगावाट क्षमता के कोयला विद्युत संयंत्र है। यहाँ देश ही नहीं बल्कि एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदानें स्थित हैं। कोल इंडिया द्वारा पूरे देश में बंद परित्यक्त खदानों को ईको.पर्यटन स्थलों में बदलने की योजना पर काम किया जा रहा है जिससे न सिर्फ कोयला खनन होने के बाद भी ये खदानें पर्यटन स्थल के रूप में लोकप्रिय हो रहीं हैं बल्कि आस-पास के लोगों को रोजगार भी मुहैया करा रहीं हैं।

# गरीब न होगा अब लाचार, आयुष्मान कार्ड से होगा उपचार आयुष्मान कार्ड पंजीयन महाअभियान आज

**❐ ग्राम पंचायत, नगर पालिका एवं नगर पंचायत में बनाया जाएगा आयुष्मान कार्ड**

**❐ राशन कार्ड एवं आधार कार्ड, आधार से लिंक वाली मोबाई नम्बर के साथ उपस्थित होने का किया गया है आग्रह**

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा आयुष्मान कार्ड पंजीयन महाअभियान 10 जुलाई 2023 को जिले के सभी विकासखण्डों के ग्राम पंचायत, नगर पालिका एवं नगर पंचायत में आयोजित किया जा रहा है। गरीब न होगा अब लाचार, आयुष्मान कार्ड से होगा उपचार संकल्प के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा महाअभियान में शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड जारी करने के उद्देश्य से हितग्राहियों को शिविर स्थल में राशन कार्ड एवं आधार कार्ड, आधार से लिंक वाली मोबाई नम्बर के साथ उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। आयुष्मान कार्ड के लिए राशन कार्ड धारक सभी परिवार पात्र होगें।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार महाअभियान शिविर में परिवार के समस्त सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जाएगा। इसके लिए परिवार के समस्त सदस्यों के साथ शिविर स्थल में जाकर अपने व अपने परिवार के समस्त सदस्यों का आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने के लिए अपील की गई है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र बी.पी.एल. परिवारों को 5 लाख एवं शेष परिवार अर्थात ए.पी.एल. परिवारों को डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत 50 हजार तक का लाभ योजना के दिशा निर्देशानुसार योजना अंतर्गत पंजीकृत किसी भी शासकीय एवं निजी चिकित्सालय में आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अन्य अतिरिक्त गंभीर बीमारी हेतु मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता अंतर्गत 20 लाख तक स्वास्थ्य सहायता प्रदान किया जा रहा है, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु आयुष्मान कार्ड अनिवार्य है। इस हेतु परिवार के हर एक सदस्य का आयुष्मान कार्ड बनवाना अनिवार्य है। देश के किसी भी पंजीकृत अस्पताल में कार्ड से मुफ्त ईलाज कराया जा सकेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सभी लोगों से महाअभियान को सफल बनाने का आग्रह किया है और अपना संदेश देते हुए लोगों के कहा- आओ हम सब मिलकर 10 जुलाई को आयुष्मान कार्ड बनवायें।

# शिविर में 48 वाहनों की जांच की गई, 25 वाहन सही पाए गए

**❐ 23 वाहनों में सामान्य खामियां**

**महासमुन्द (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन एवं परिवहन आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार आज 09 जुलाई को महासमुंद जिला अंतर्गत सरायपाली स्थित महल ग्राउंड में बसना, पिथोरा और सरायपाली क्षेत्र में संचालित होने वाले स्कूल/शैक्षणिक संस्थानों के वाहनों का भौतिक निरीक्षण वाहन एवं वाहन चालक से संबंधित दस्तावेजों का जांच शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर परिवहन और पुलिस विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया।

शिविर में 48 वाहनों की जांच की गई, जिसमे 25 वाहन सही पाए गए और 23 वाहनों में सामान्य रूप से खामियां पाई गई। खामियां पाई गई वाहनों से समझौता शुल्क के रूप में कुल रुपए 50300 वसूली किया गया। साथ ही वाहन को सुधार कर जांच हेतु जिला परिवहन कार्यालय महासमुंद में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त शिविर में वाहन चालकों, संचालकों और परिचालकों को परिवहन अधिकारी द्वारा वाहन परिवहन नियमानुसार और सभी मापदंडों को पूर्ण कर किए जाने हेतु हिदायत भी दिया गया।

# उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव से मुलाकात के बाद स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने किया हड़ताल समाप्ति का ऐलान

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव से मुलाकात के बाद आज छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने हड़ताल समाप्ति का ऐलान कर दिया है। सिंहदेव से स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने आज उनके निवास कार्यालय में मुलाकात कर



अपनी मांगों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने और शासन के समक्ष उनकी बातों को रखने का आश्वासन दिया।

श्री सिंहदेव ने राज्य के लोगों के हित में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से काम पर लौटने का आग्रह किया था। उनकी पहल पर आज संघ के पदाधिकारियों ने चर्चा के बाद हड़ताल समाप्त कर काम पर लौटने का ऐलान किया है। उप मुख्यमंत्री सिंहदेव से मुलाकात के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी मिलने की मंशा जाहिर की।

# बदल गए सैकड़ों छात्रों के रिजल्ट, 912 फेल छात्र हो गए पास

**❐ मेरिट लिस्ट भी बदलेगी**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद रीवैल में सैकड़ों छात्रों की किस्मत बदल गई। दरअसल छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पुनर्मूल्यांकन व पुर्नगणना के नतीजे घोषित कर दिए। रीवैल में 10वीं व 12वीं के 912 फेल छात्र पास हो गए हैं। यही नहीं इस रीवैल के बाद मेरीट लिस्ट में भी परिवर्तन होने की बात कही जा रही है। जल्द ही बोर्ड नई मैरीट लिस्ट भी जारी कर सकता है।




बता दें सीजी बोर्ड द्वारा अप्रैल महीने में दसवीं व 12वीं के नतीजे घोषित किए थे। परिणाम आने के बाद कई छात्र इससे खुश नहीं दिखे। बोर्ड ने पुनर्मूल्यांकन व पुर्नगणना के आवेदन के लिए छात्रों को समय दिया। इस दौरान 10 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने पुनर्मूल्यांकन व पुर्नगणना के लिए आवेदन किया। दोबारा मूल्यांकन होने के बाद दसवीं में 547 और बाहरवीं में 365 छात्रों के परिणाम बदल गए। बोर्ड की ओर से जारी नतीजे के बाद 912 छात्र फेल से पास हो गए हैं।

**मेरिट लिस्ट में भी होगा परिवर्तन**

रीवैल के बाद अब मेरिट लिस्ट में भी बदलाव हो सकता है। पुरानी सूची में अब कुछ नए नाम जुड़ जाएंगे और लिस्ट को अपडेट किया जाएगा। बोर्ड द्वारा जल्द ही नई मेरिट लिस्ट भी जारी किया जाएगा। यही नहीं रीवैल के बाद सैकड़ों छात्रों के पास होने पर मूल्यांकन में लापरवाही की बात भी सामने आ रही है। 2022 में मूल्यांकन में लापरवाही करने वाले 100 से ज्यादा शिक्षकों को ब्लैकलिस्ट किया गया था। इस बार भी मूल्यांकन में लापरवाही करने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की बात कही जा रही है।

# छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 17 से : 16 तरह के होंगे पारम्परिक खेल

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023-24 का आयोजन हरेली त्योहार के दिन 17 जुलाई से शुरू किया जाएगा। छत्तीसढ़िया ओलंपिक 6 चरणों में लगभग ढ़ाई महीने तक आयोजित होगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेल गतिविधियों को ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में प्रोत्साहित करने, प्रतिभागियों को मंच प्रदान करने और उनमें खेलों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा खेल भावना का विकास करने हेतु छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल का आयोजन किया जा रहा है।

खेल विभाग के अधिकारियों ने यहां बताया कि छत्तीसगढ़िया ओलंपिक खेल प्रतियोगिता में बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता में दलीय एवं एकल श्रेणी में 16 तरह के पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इस बार के ओलंपिक में एकल श्रेणी में रस्सीकूद एवं कुश्ती को भी जोड़ा गया है। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के आयोजन का दायित्व ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग और नगरीय क्षेत्रों के लिए नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को सौंपा गया है। प्रतियोगिता का समापन 27 सितंबर 2023 को होगा। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक खेल में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्टूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं।

अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक का आयोजन ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सबसे पहले राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर प्रतियोगिता 17 जुलाई से 22 जुलाई तक नॉकआउट पद्धति से होगा। वहीं दूसरा स्तर जोन है, जिसमें 8 राजीव युवा मितान क्लब को मिलाकर एक क्लब होगा। इसका आयोजन 26 जुलाई से 31 जुलाई तक होगा। विकासखंड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर आयोजन 7 अगस्त से 21 अगस्त तक होगा। जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 04 सितंबर तक होगा। संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक होगा और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका की आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा।

# बिहान सम्मेलन में शिरकत कर संसदीय सचिव ने बढ़ाया उत्साह

**❐ खैरा में बिहान कलस्टर भवन के लिए पांच लाख देने की घोषणा**

**❐ महिलाओं को सक्षम बनाने भूपेश सरकार कर रही हरसंभव पहल-चंद्राकर**

**महासमुंद (आरएनएस)।** बिहान अंतर्गत गठित महिला स्व सहायता समूह द्वारा आयोजित बिहान सम्मेलन में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की मांग पर खैरा में बिहान कलस्टर भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से पांच लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की।

आज शनिवार को बिहान केंडर व बिहान अंतर्गत गठित महिला स्व सहायता समूह द्वारा शहर के शंकराचार्य भवन में बिहान सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संसदीय सचिव चंद्राकर ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में संसदीय सचिव चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र की गरीब महिलाओं को स्व-सहायता समूह के रूप में संगाठित कर उन्हें क्षमतावर्धन आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार प्रदान किया जा रहा है। आज महिलाएं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से जुडक़र स्वरोजगार की ओर अग्रसर होकर अपने सपने को साकार कर रही हैं। इसके अलावा महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए गौठान में वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के साथ ही विभिन्न प्रकार की आर्थिक गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। गौठान और रीपा के माध्यम से बड़ी संख्या में महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला कोष के बजट में ऐतिहासिक वृद्धि की है। पहले महिला कोष को एक या दो करोड़ रूपए का वार्षिक आबंटन उपलब्ध होता था, मगर वर्ष 2023-24 में 25 करोड़ रूपए का वार्षिक बजट उपलब्ध कराया गया है। महिला कोष द्वारा संचालित सक्षम योजना में दो करोड़ 63 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया है, जो योजना शुरू होने के बाद किसी भी वित्तीय वर्ष में स्वीकृत किए गए ऋणों में सर्वाधिक है। उन्होंने महिलाओं से शासन की योजनाओं का लाभ उठाने का आव्हान किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं की मांग पर खैरा में बिहान कलस्टर भवन निर्माण के लिए विधायक निधि से पांच लाख रूपए की राशि देने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तारिणी चंद्राकर, पीआरपी कलस्टर प्रभारी भुनेश्वरी साहू, प्रिंस चंद्राकर, रेखा नागपुरे, राधा साहू, योगेश्वरी साहू, चित्रेरेखा साहू, कीर्ति साहू, राजकुमारी यादव, बसंती बंजारे, मोहनी ध्रुव, यशोदा साहू, रोशनी पटेल, यशोदा साहू, तुलसी बंजारे, मीरा कंडरा, सती साहू, टेमिन साहू, सरिता देवांगन, लता यादव, चुनेश्वरी साहू, मीरा, किरण साहू, कुसुमलता जांगड़े, उमा यादव, मोंगरा साहू, नंदनी, संगीता सेन, संतोषी चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य तथा में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक नीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU